# स्वावलंबन चैलेंज फंड (Swawlamban Challenge Fund)

sanskritiias.com/hindi/pt-cards/swawlamban-challenge-fund

- भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) ने 'फॉरेन, कॉमनवेल्थ एंड डेवलपमेंट ऑफिस', यू.के. की साझेदारी में स्वावलंबन चैलेंज फंड की शुरुआत की है। इसका उद्देश्य **गैर-लाभकारी संगठनों, शैक्षणिक संस्थानों तथा सामाजिक स्टार्ट-अप्स को विकास कार्यों के लिये वित्तीय समर्थन प्रदान** करना है।
- इसके तहत आजीविका, महिला- सशक्तीकरण, वित्तीय साक्षरता आदि से संबंधित संस्थाएँ सहायता प्राप्ति के लिये अपना प्रस्ताव प्रस्तुत कर सकती हैं।
- इसमें जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने वाली हरित, स्वच्छ तथा कुशल परियोजनाओं पर ध्यान केंद्रित किया गया है। यह योजना भारत के वर्ष 2070 तक नेट ज़ीरो कार्बन उत्सर्जन लक्ष्य की प्रतिबद्धताओं के अनुरूप है।
- **इसके अंतर्गत पायलट श्रेणी तथा स्केल अप श्रेणी के तहत आवेदन आमंत्रित** किये जाएंगे। पायलट श्रेणी के तहत, आवेदक नवोन्मेषी स्टार्टअप्स के लिये आवेदन कर सकते हैं; वहीं, स्केल-अप श्रेणी में आवेदकों द्वारा पैमाने को बढ़ाने के लिये पहले से चल रही परियोजनाओं को नामांकित किया जा सकता है।

Climate Change